# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–5895/26 दिनांक–07.08.26

**अति आवश्यक / महत्वपूर्ण / समयबद्ध**

सेवा में,

**प्रधानाचार्य / प्रबन्धक,**
समस्त नर्सिंग व सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख (पैरामेडिकल), प्रशिक्षण संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

**विषय–जी0एन0एम0, ए0एन0एम0, समस्त सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख (पैरामेडिकल) एवं डिप्लोमा इन फार्मेसी प्रशिक्षणों की मुख्य / पूरक परीक्षाऐं माह सितम्बर / अक्टूबर–2026 की परीक्षा शुल्क जमा किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या–5188 / 26 दिनांक 08.07.2026 व ई–मेल दिनांक 13.07.2026 एवं अनुस्मारक–1 पत्र संख्या–5422 / 26 दिनांक 17.07.2026 तथा अनुस्मारक–2 पत्र संख्या–5604 / 26 दिनांक 24.07.2026 अनुस्मारक–3 पत्र संख्या–5721 / 26 दिनांक 29.07.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके अन्तर्गत छात्र / छात्राओं के हित को दृष्टिगत रखते हुए अर्ह छात्र / छात्राओं का परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु ऑनलाइन पोर्टल दिनांक 09.07.2026 से 31.07.2026 तक खोला गया था।

अन्तिम तिथि 31.07.2026 तक जो प्रशिक्षण संस्थान अपने अर्ह छात्र / छात्राओं का परीक्षा शुल्क जमा करने से वंचित रह गये हैं, ऐसे प्रशिक्षण संस्थानों को एक अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण संस्थान के प्रतिनिधि **दिनांक 04.08.2026** से **10.08.2026** तक कार्यालय कार्य दिवस में अर्ह छात्र / छात्राओं का कुल परीक्षा शुल्क **"सचिव, उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ"** के पक्ष में देय एक **बैंक ड्राफ्ट** के माध्यम से कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं।

अन्तिम तिथि दिनांक **10.08.2026** सायं **05:00** बजे के उपरान्त किसी भी दशा में परीक्षा शुल्क स्वीकार नहीं किया जायेगा।

भवदीय,

**(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)**
सचिव।